<u>गुरु नानक कॉलेज, धनबाद हिंदी- विभाग के द्वारा शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम का आयोजन।</u>

आज दिनांक 21 अगस्त 2022 (रविवार)को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के हिंदी- विभाग के द्वारा कॉलेज के भूदा कैंपस के कक्ष संख्या '26' में शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग में अध्ययनरत 'सौ' से अधिक की संख्या में छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रो.संजय प्रसाद ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही कॉलेज लाइब्रेरी , NSS, NCC , स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित अभिभावकों एवं छात्रों ने विभाग द्वारा उपलब्ध फीडबैक प्रपत्र पर शैक्षणिक एवं छात्र हित संबंधित सुझाव दर्ज किए। विभागाध्यक्ष सोनू प्रसाद यादव ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने संबोधन में विभाग के द्वारा शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों से संबंधित विषयों पर नीतिगत जानकारी दी। समारोह में उपस्थित अभिभावक की ओर से विभाग के द्वारा किए गए इस कार्यक्रम को सराहा गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. अमरजीत सिंह (भूदा कैंपस), प्रो. दलजीत सिंह, प्रो. चिरंजीत अधिकारी उपस्थित रहे,विभाग की ओर से प्रो. पिंकी कुमारी, प्रो. कुमारी नीतु , प्रो. सिमरन श्रीवास्तव समेत अन्य विभाग के शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

Guru Nanak College, Dhanbad
Welcome Parents
Parent-Teacher Meeting
Department of Hindi

Welcome Parents
Parent-Teacher Meeting
Department of Hindi